आकाशवाणी श्री विजयपुरम

16.11.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान–भारत और पूर्वी–एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने मनीला पहुँचे।
2. कोलकाता में आयोजित सागर सुरक्षा सम्मेलन में तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों का वास्तविक समय में खुफिया जानकारी साझा करने पर रहेगा जोर।
3. राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हुआ विचारों का मंथन।
4. खराब मौसम के चलते जहाजरानी सेवा निदेशालय ने एम.वी. भारत सीमा की आगामी यात्राएं रद्द की।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेईसवें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और इक्कीसवें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचे। इस अवसर पर फिलीपींस के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव रॉबर्ट जोसेफ 'जय' मोंटेस डी क्लारो ने उनका स्वागत किया। यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद–प्रशांत दृष्टिकोण में आसियान की केंद्रीय भूमिका तथा उसके साथ भारत की मजबूत साझेदारी को दर्शाती है।

<><><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल ने गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन प्रभाग के सहयोग से आज कोलकाता में दो दिवसीय राष्ट्रीय तटीय सुरक्षा सम्मेलन 'सागर सुरक्षा 2026' की शुरुआत की। इस सम्मेलन का विषय है "तटीय सुरक्षा के लिए व्यापक दृष्टिकोण : हितधारकों की भागीदारी और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना। पश्चिम बंगाल सरकार में गृह और पर्वतीय मामलों के राज्य मंत्री विशाल लामा ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन सचिव और भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक भी उपस्थित थे। सम्मेलन में तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय मंत्रालयों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सशस्त्र बलों के एक सौ से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 'सागर सुरक्षा 2026' समकालीन परिचालन चुनौतियों, उभरते नए प्रकार के खतरों और देश की समुद्री सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के व्यावहारिक उपायों पर विचार–विमर्श का प्रमुख राष्ट्रीय मंच है। दो दिन के इस सम्मेलन में केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय बेहतर बनाने, संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत करने, वास्तविक समय में खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा से जुड़े सभी पक्षों के बीच तालमेल बढ़ाने पर चर्चा की जा रही है। इसका उद्देश्य तटीय आबादी में सतर्कता और सुरक्षा के प्रति साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

<><><><><><><><>

आकाशवाणी अपने 90 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 'ए आई आर राइजिंग स्टार्स' संगीत कार्यक्रमों की पहली श्रृंखला शुरू कर रहा है। इसके तहत कल से 30 नवंबर तक देश के 26 आकाशवाणी केंद्रों पर 30 वर्ष से कम आयु के युवा कलाकार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे। इनमें शिमला, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई, कोलकाता, गुवाहाटी और श्री विजयपुरम सहित विभिन्न केंद्र शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य युवा कलाकारों को राष्ट्रीय पहचान दिलाना और देश की संगीत परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ना है। यूट्यूब पर 15 जनवरी 2027 तक सर्वाधिक देखे जाने वाले तीन कलाकारों को क्रमशः 20 हजार, 15 हजार और 10 हजार रुपये तथा प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

जनजातीय गौरव दिवस देशभर के साथ अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में भी उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मध्य अंडमान के बकुलतला स्थित वनवासी कल्याण आश्रम परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रैली के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से आदिवासी गौरव, सांस्कृतिक पहचान तथा देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के उल्लेखनीय योगदान का संदेश दिया गया। इसी क्रम में रंगत स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगत के सहायक आयुक्त दीपांशु वोहरा मुख्य अतिथि तथा रंगत के एस डी पी ओ महेंद्र सिंह चरण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय पत्रकारिता : लोकलुभावन या उत्तरदायी रखा गया। समारोह की शुरुआत मीडिया कर्मियों के पारंपरिक स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने पत्रकारिता के दायित्वों और वर्तमान समय की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि विनायक चामड़िया ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए और सभी मीडिया प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंट किए।

<><><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने खराब मौसम के चलते जहाज के आगामी यात्रा रद्द करने की घोषणा की है। कार निकोबार जाते समय एम.वी. भारत सीमा जहाज को बेहद खराब मौसम का सामना करना पड़ा था, जिससे उसमें सवार यात्रियों को काफी असुविधा हुई थी। वर्तमान में भी खराब मौसम की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण जहाज के अगले कार्यक्रम पर असर पड़ा है। इसलिए राजधानी श्री विजय पुरम से लिटिल अंडमान के लिए कल रात 8 बजे होने वाली यात्रा और लिटिल अंडमान से श्री विजय पुरम के लिए 18 नवंबर सुबह 8 बजे होने वाली वापसी यात्रा दोनों को रद्द कर दिया गया है। जिन यात्रियों ने उपरोक्त यात्राओं के लिए टिकट बुक कराए हैं, वे अपने टिकट रद्द करवाकर पूरी धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

होमस्टे संचालन, कक्ष प्रबंधन एवं टिकाऊ पर्यटन प्रबंधन पर आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम हाल ही में आपदा प्रबंधन निदेशालय के प्रशिक्षण हॉल में संपन्न हुआ। प्रशासन के पर्यटन निदेशालय द्वारा मुंबई स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन 9 से 14 नवंबर तक रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एम एस एम ई परफॉर्मेंस योजना के तहत किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय होमस्टे संचालकों एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों की परिचालन, प्रबंधकीय और उद्यमिता संबंधी क्षमताओं को विकसित करना तथा पूरे द्वीपसमूह में जिम्मेदार एवं टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक जानकारी देने के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए, ताकि वे होमस्टे संचालन की गुणवत्ता में सुधार लाने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें।

<><><><><><><><>